# कार्यालय महाप्रबन्धक (जल), नगर निगम, सहारनपुर।

पत्रांक 646/ज0क0/न0नि0सहा0/2025–26 दिनांक 28 अगस्त, 2025

–: विज्ञप्ति :–

जलकल अनुभाग, नगर निगम सहारनपुर द्वारा 22 नग शिरोपरि जलाशय (OHT) की बाहरी दीवारों एवं 124 नग पम्प हाउसों की दीवारों पर वॉल पेन्टिंग के माध्यम से विज्ञापन हेतु नगर निगम विज्ञापन उपविधि 2016 (विज्ञापन बाइलॉज) के अनुपालन में प्रीमियम की न्यूनतम दर का निर्धारण किया जाना है। विज्ञापन हेतु कुल अनुमानित क्षेत्रफल 7747.60 वर्ग मी0 है। इच्छुक विज्ञापन फर्में विज्ञापन के न्यूनतम प्रीमियम हेतु मोहर बन्द लिफाफे में प्रस्ताव एवं दर के अनुसार आंकलित क्षेत्रफल की सम्पूर्ण धनराशि एफ0डी0आर0 के रूप में महाप्रबन्धक (जल), नगर निगम सहारनपुर के रूप में बन्धक कराकर अपने ऑफर के साथ संलग्न कर, प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपर नगर आयुक्त (प्रथम), नगर निगम सहारनपुर के कार्यालय कक्ष में रखे टेण्डर बाक्स में डाल सकती हैं। प्रस्ताव का प्रारूप नगर निगम की वेबसाईट **www.saharanpurnagarnigam.in** पर उपलब्ध है, जिसे विज्ञापनदाताओं द्वारा डाउनलोड किया जा सकता है एवं जलकल अनुभाग, नगर निगम सहारनपुर कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्रारूप प्राप्त किया जा सकता है एवं उपरोक्त के सम्बन्ध में कोई भी जानकारी प्राप्त करने के लिये महाप्रबन्धक (जल) नगर निगम सहारनपुर से प्राप्त की जा सकती है। फर्मो द्वारा अपने प्रस्ताव के साथ पैन नम्बर, जी0एस0टी0 पंजीकरण की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। समय उपरान्त किसी भी प्रस्ताव पर विचार नही किया जायेगा एवं किसी भी प्रस्ताव को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित है। न्यूनतम प्रीमियम के निर्धारण के उपरान्त एफ0डी0आर0 सम्बन्धित फर्मो को अवमुक्त कर दी जायेगी।

**1. विज्ञापन प्रकाशन की तिथि 29.08.2025**

**2. मोहर बन्द लिफाफे प्राप्त करने की तिथि 05.09.2025**

28/8/25

महाप्रबन्धक (जल)
सहारनपुर नगर निगम।

प्रतिलिपिः–

1. मा0 महापौर महोदय को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. नगर आयुक्त महोदय को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
3. नगर आयुक्त महोदय के आदेश दिनांक 08.08.2025 के अनुपालन में निम्नानुसार विज्ञापन समिति को सूचनार्थ प्रेषित :–
   - अपर नगर आयुक्त (प्रथम), नगर निगम सहारनपुर।
   - अधिशासी अभियन्ता (यातायात प्रभारी/निर्माण), नगर निगम सहारनपुर।
   - मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, नगर निगम सहारनपुर।
4. निविदा लिपिक को इस आशय से कि, उक्त निविदाओं को त्रुटि रहित अपलोड करना सुनिश्चित करें।
5. सम्पादक दैनिक ......जागरण...... समाचार पत्र एवं दैनिक ......अमर उजाला...... समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना का प्रकाशन कम से कम स्पेस (9 फॉन्ट) (12x12Sqcm) मे कराकर बिल मय दो प्रति सहित कार्यालय मे प्रस्तुत करें। यदि आपकी सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकृत न हो तो कृपया विज्ञापन को प्रकाशित न करे तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें एवं साथ ही उक्त प्रकाशन की 02 प्रतियां जलकल कार्यालय में उपलब्ध कराये
6. सूचना पट् पर चस्पा हेतु।

28/8/25

महाप्रबन्धक (जल)
सहारनपुर नगर निगम।

Scanned with OKEN Scanner

# शिरोपरि जलाशय एवं पम्प हाउस की दीवारों पर वॉल पेन्टिंग के माध्यम से विज्ञापन हेतु न्यूनतम प्रीमियम का निर्धारण

## प्रारूप

मै0 ................................ पता ........................................... पिन न0 ...............22 नग शिरोपरि जलाशय (OHT) की बाहरी दीवारों एवं 124 नग पम्प हाउसों की दीवारों पर वॉल पेन्टिंग के माध्यम से विज्ञापन करने हेतु इच्छुक हैं।

मै0 ......................... द्वारा प्रीमियम की न्यूनतम दर अंकन रू0 ............... प्रति वर्ग मी0 लगायी जाती है। जिसके अनुसार आपके द्वारा प्रकाशित विज्ञापन में कुल अनुमानित क्षेत्रफल 7747.60 वर्ग मी0 हेतु कुल न्यूनतम प्रीमियम = 7747.60 वर्ग मी0 **X** अंकन रू0 .............. = ..................../- धनराशि (शब्दो में) रू0 .................................... की एफ0डी0आर0 संख्या ..................... एवं दिनांक ................. बैक का नाम ............................, ब्रॉच............................जो महाप्रबन्धक (जल), नगर निगम सहारनपुर के पक्ष में बन्धक है, को इस प्रस्ताव के साथ संलग्न किया गया है।

हस्ताक्षर

फर्म का नाम ...................

फर्म का पूर्ण पता ...............

पिन कोड़........................

मोबाइल न0.....................

मोहर



Scanned with OKEN Scanner